हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार 5 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 23.6 डिग्री
न्यूनतम 4.3 डिग्री

उच्च शिक्षा में सतत विकास के मानक लागू करने पर जोर 12



पुलिस चालान काटने तक सीमित, जाम की ओर... 12



## खबर संक्षेप

### पानीपत में बिजली कर्मचारी को पीटा

**पानीपत।** थाना चांदनी बाग पुलिस ने हुडा सेक्टर 11 में बिजली निगम के लाइनमैन मनोज पुत्र सत्यपाल निवासी गांव नांगल खेडी जिला पानीपत को पीट कर घायल करने के दो आरोपियों राजेश व केशव निवासी कुटानी रोग पानीपत को गिरफ्तार किया है। वहीं इस मामले में मनोज की शिकायत पर आरोपियों पर केस दर्ज है।

### पुलिस ने चोरी के जेवर खरीदार को पकड़ा

**पानीपत।** पानीपत की जीटी रोड पर एसडी माडर्न स्कूल के पास बुजुर्ग के हाथ से दुल्हन के शगुन



का बैग स्नैचिंग करने मामले में नाबालिग आरोपियों से छीने गए गहने खरीदने वाले सुनार बाल किशन निवासी तहसील कैंप, पानीपत को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से दो लाख रूपये बरामद किए है। वहीं, इस मामले में थाना शहर में हुडा सेक्टर 12 निवासी ज्ञान प्रकाश की शिकायत पर केस दर्ज है।

### जिला परिषद अध्यक्ष को लेकर जोड़तोड़ शुरू

**पानीपत।** जिला परिषद चेयरपर्सन बनने के लिए तीन दावेदार सामने आ रही हैं जबकि भाजपा सुदेश रानी ओर ज्योति शर्मा में से किसी एक को अपना उम्मीदवार बना सकती है। इस पर भाजपा संगठन मंथन कर रहा है कि दोनों में से किसे उमीदवार बनाया जाए। जबकि सुदेश रानी के नाम की चर्चा हाई कमान तक है। वहीं, ज्योति शर्मा पर संशय बना हुआ है पर उसकी दावेदारी मजबूत है। अन्नु दहिया मलिक भी मैदान में उतर चुकी है।

### चोरी के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज कार चोरी मामले में पुलिस ने आरोपी विनित गौत्तम उर्फ मोटा, शुभम गौत्तम, तोसिफ व रिमांशु उर्फ राम को गिरफ्तार किय है। आरोपियों को अब जेल भेज दिया गया है। शिकायतकर्ता तनीश ने 23 जून 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि एपेक्स अस्पताल के सामने से आरोपियों ने उसकी कार चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### अनजान कॉलर को न दें जानकारीः पुलिस टीम

**अंबाला।** साइबर पुलिस टीम ने हर्बल पार्क में साइबर जागरूकता अभियान के तहत आमजन/राहगीरों को साइबर अपराधों से बचने बारे जागरूक किया। साइबर जागरूकता कार्यक्रम के दौरान उपस्थितगणों को साइबर सैल के उप निरीक्षक फकीर चंद व साइबर थाना से महिला सिपाही रेणू ने साइबर अपराधों से बचने बारे विशेष जानकारी दी। उन्होंने बतलाया कि किसी भी अनजान व्यक्ति की कॉल पर भरोसा करके आप अपने बैक खाता/क्रेडिट/डेबिट कार्ड की जानकारी साझां ना करे।

## नायब सैनी ने लाडवा विधानसभा के लोगों की समस्याएं सुन दिए निर्देश

# कर्मी से फर्जी बिलों पर साइन का दबाव बनाने वाले अधिकारी पर करें कार्रवाई

**सोलर लाइट लगाने की परियोजना में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करने के लिए उपायुक्त को दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लाडवा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कर्मचारी से फर्जी बिलों पर साइन करने का दबाव बनाने वाले वन विभाग के अधिकारी पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री को शिकायत में गुरमीत ने बताया कि वह फौज से रिटायर है और अब वन विभाग में नौकरी कर रहा है। वन विभाग का एक अधिकारी उससे फर्जी बिलों पर साइन करने का दबाव बना रहा है, जब उसने मना किया तो उसे कार्रवाई करने का डर दिखाया।

मुख्यमंत्री सैनी ने लाडवा विधानसभा के लोगों की समस्याओं को हल करने में लापरवाही बताने वाले अधिकारियों कर्मचारियों को फटकार लगाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब कोई नागरिक अपनी समस्या लेकर आता है तो अधिकारी तुरंत संज्ञान लेते हुए समस्या का समाधान करें। कोई अधिकारी किसी नागरिक की समस्या का दो या तीन चक्कर लगाने के बाद समाधान नहीं कर रहा तो ऐसे कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री सैनी मंगलवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस लाडवा में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम के दौरान आमजन की समस्याओं को सुन रहे थे। इस दौरान करीब 225 समस्याओं को सुना और मौके पर ही उन समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। सैनी ने वीरपाल को उसकी बहन की शादी के लिए आर्थिक मदद करने का आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री को वीरपाल ने शिकायत में बताया कि वह विकलांग है और उसके माता-पिता की मृत्यु हो चुकी है। अब उसके पास अपनी बहन की शादी करने के लिए पर्याप्त मात्रा में बजट नहीं है। इसी तरह रजनी की शिकायत पर उपायुक्त को लीड बैंक मैनेजर से बातचीत कर उनकी मदद करने के निर्देश दिए। सैनी ने कहा कि हरियाणा में बुजुर्गों को परिवार पहचान पत्र में 60 वर्ष पूरे होने और आयु के सत्यापन के बाद बिना किसी आवेदक के बुढ़ापा पेंशन का लाभ दिया जा रहा है। प्रदेश भर में पेंशन काटने की जो शिकायत उनके पास आ रही है। उनका विभागीय स्तर पर समाधान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उपायुक्त को निर्देश दिए कि कलाल माजरा निवासी सुभाष के सोलर लाइट लगाने की परियोजना में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच की जाए और भ्रष्टाचार करने वाले अधिकारियों की रिपोर्ट बनाकर भेजी जाए। मुख्यमंत्री ने टाटकी की नर्सरी के खिलाड़ियों को डाइट का पैसा ना मिलने के मामले में उपायुक्त को जांच करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री को बलजिंदर ने शिकायत में बताया कि 15 जून 2024 से शुरू नर्सरी में खिलाड़ियों को डाइट का पैसा नहीं दिया जा रहा है। इसी तरह पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि ठगी करने वाले आरोपी पर लगे आरोप साबित हो चुके हैं तो आरोपी की प्रॉपर्टी को अटैच किया जाए।

### सीएम ने लापरवाह अधिकारियों और कर्मचारियों को फटकारा लगाई



लाडवा। जन संवाद कार्यक्रम के दौरान आमजन की समस्याओं को सुनते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

### सैनी के आदेशों पर टीजीटी हिन्दी शिक्षक को किया निलंबित

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेश पर कनीपला राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल के टीजीटी हिन्दी शिक्षक को निलंबित कर दिया है, इस शिक्षक पर स्कूल की 7वीं कक्षा की छात्रा के साथ दुव्यवहार करने के मामले में पोक्सो एक्ट के तहत मुकद्दमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया था। इन आदेशों के तुरंत बाद हरियाणा मौलिक शिक्षा विभाग के महानिदेशक की तरफ से शिक्षक समीर कौशिक को निलंबित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के समक्ष बुधवार को लाडवा जनसंवाद में पीड़ित छात्रा के परिजनों ने शिकायत रखी कि कनीपला जीएसएसएस स्कूल उनकी बेटी 7वीं कक्षा में पढ़ती है। इस स्कूल के शिक्षक समीर कौशिक ने उनकी बेटी के साथ दुव्यवहार किया। मुख्यमंत्री सैनी ने जनसंवाद में ही दूरभाष पर पंचकुला के आला अधिकारियों को आरोपी शिक्षक को तुरंत निलंबित करने के आदेश दिए। इन आदेशों के तुरंत बाद हरियाणा मौलिक शिक्षा विभाग के महानिदेशक की तरफ से कनीपला जीएसएसएस के टीजीटी हिन्दी शिक्षक समीर कौशिक को निलंबित करने के आदेश जारी किए है। इस निलंबन के दौरान शिक्षक का मुख्यालय जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय कुरुक्षेत्र रहेगा। यह शिक्षक बिना अनुमति के मुख्यालय नहीं छोडेगा और एचसीएस सामान्य नियम 2016 के नियम 83 के तहत शिक्षक को भत्ते दिए जाएंगे।

### डेरे में रहने वाले 20 घरों को बिजली उपलब्ध करवाने के दिए निर्देश

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राजीव की शिकायत पर बिजली विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि वह पूरे मामले की जांच करें और पता लगाएं कि जब परिवार यहां नहीं रहता तो बिजली चोरी का केस कैसे और किसने बनाया। इस मामले की पूरी रिपोर्ट बनाकर पेश की जाए। इसी तरह कलाल माजरा निवासी महेंद्र की शिकायत पर उनके डेरे में रहने वाले 20 घरों को बिजली सप्लाई उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।

### एलिजिबिलिटी पूरी करने वाली कॉलोनी को वैध घोषित किया जाएगा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जल्द ही एलिजिबिलिटी पूरी करने वाली कॉलोनी को वैध घोषित किया जाएगा। इन कॉलोनियां के वैध होने के बाद इनको सभी सुविधाएं मुहैया करवाई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने अवैध कॉलोनी में पीने के पानी, सफाई जैसी समस्याओं को लेकर आए नागरिकों की सुनवाई के दौरान ऐसा कहा। मुख्यमंत्री ने लाडवा शहर में सीवर पाइप लीक होने के मामले में अधिकारी को फटकार लगाते हुए कहा कि शाम तक इस लीकेज को दुरुस्त किया जाए। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, एसडीएम अनुभव मेहता, भाजपा जिला अध्यक्ष तिजेंदर सिंह गोल्डी, भाजपा नेता सुभाष कलसाना, जयभगवान शर्मा डीडी, नगर पालिका की चेयरपर्सन साक्षी खुराना, मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र दबखेड़ा, मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह, नायब सिंह पटाक माजरा, पूनम सैनी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# दी यमुनानगर केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड के खाते से 9.95 लाख फर्जी हस्ताक्षर कर निकलवाए

## डाटा एंट्री ऑपरेटर व पूर्व प्रबंधक पर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

दी यमुनानगर जिला सहकारी श्रम एवं निर्माण प्रसंघ लिमिटेड के डाटा एंट्री ऑपरेटर अक्षय कुमार व पूर्व प्रबंधक हरदेवेंद्र सिंह पर फर्जी हस्ताक्षर करके अकाउंट से नौ लाख 95 हजार रुपये निकालने का आरोप लगा है। पुलिस ने दी यमुनानगर जिला सहकारी श्रम एवं निर्माण प्रसंघ लिमिटेड के प्रबंधक राजकुमार की शिकायत पर केस दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार प्रबंधक राजकुमार ने बताया कि उनके कार्यालय में अक्षय कुमार डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद पर कार्यरत है। कार्यालय के सभी कार्य तथा बैंक के कामकाज व रखरखाव की सारी जिम्मेदारी अक्षय कुमार की है।

- पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

### ऑडिट में बचत खाते की स्टेटमेंट में खुलासा

जून 2025 में प्रबंधक द्वारा ऑडिट करवाने के उद्देश्य से कार्यालय के बचत खाते की स्टेटमेंट दी यमुनानगर केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड यमुनानगर बैंक से प्राप्त करने के उपरांत यह संज्ञान में आया कि अक्षय कुमार ने पूर्व प्रबंधक हरदेवेंदर सिंह के साथ मिलकर फर्जी हस्ताक्षर कर जुलाई 2024 से 2025 तक 10 लाख आठ हजार की राशि निकलवा ली है। कार्यालय बचत खाते में राशि निकलवाने के लिए प्रबंधन व निदेशक के हस्ताक्षर होने जरूरी है। मगर अक्षय कुमार ने पूर्व प्रबंधक हरदेवेंदर सिंह के साथ मिलकर फर्जी हस्ताक्षर कर बैंक से पैसे निकलवाए हैं। जब उन्होंने इस बारे में अक्षय कुमार से बात की तो और उन्हें इस बारे में नोटिस दिया गया।

### आरोपी ने डेढ़ लाख बैंक खातों में जमा करवा दिए

जिसके बाद आरोपी ने डेढ़ लाख बैंक में जमा करवा दिए। इसके बाद आरोपी ने चार लाख 80 हजार रुपये का चेक अपनी मां के नाम दिया। जब वह चेक बैंक में लगाया गया तो अकाउंट में पर्याप्त राशि में होने के कारण वह चेक बाउंस हो गया। इसी प्रकार जब उन्होंने एक अन्य अकाउंट की जांच की तो पासबुक अपडेट करने के लिए कहा गया तो केवाईसी अपडेट ने होने के कारण पासबुक अपडेट नहीं हो सकी।

### जांच में खुली परतें

जांच के दौरान सामने आया कि पूर्व प्रबंधक हरदेवेंद्र सिंह व अक्षय कुमार ने फर्जी दस्तावेज फर्जी दस्तावेज प्रस्ताव पास करके अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता बलवा दिए। इसलिए बैंक स्टेटमेंट प्राप्त करने में समस्या हो रही है। जिससे यह जाहिर हो रहा है कि इस खाते में भी लाखों रुपये की गबन की संभावना है। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## विश्व कैंसर दिवस पर निकाली रैली



**अंबाला।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर रोटरी अंबाला कैंसर अस्पताल की शाखा स्नेह स्पर्श ने स्टाफ रोड़, रेजिमेंट बाज़ार तथा जवाहरलाल नेहरू मार्ग पर कैंसर सजगता रैली निकाली जिसमें केंद्रीय विद्यालय नंबर 4, जीएम एन पब्लिक स्कूल के अध्यापकों एवं छात्रों ने भाग लिया। रैली निकालने से पहले केवी नंबर 4 में कैंसर जागरूकता एवं एचपी. टीकाकरण के ऊपर एक आयोजन किया गया। इसमें स्नेह स्पर्श के अध्यक्ष सुभाष बंसल ने बताया की कैसे यह संस्था लाइलाज कैंसर रोगियों के घर में जाकर उनके अंतिम दिनों में उनकी मुफ़्त सेवा अश्रु करती है तथा उन्हें कुछ महीनों का राशन भी उपलब्ध कराती है। गिरीश अग्रवाल ने गर्भाशय कैंसर से मुक्ति दिलाने के लिए रोटरी अस्पताल में मुफ़्त टीकाकरण कार्यक्रम के बारे में अवगत कराया। दिनेश सेठी ने लड़कियों को गर्भाशय कैंसर से बचाने संबंधी एक कविता का पाठ किया। रोटरी प्रधान संजीव गोयल ने छात्रों को कैंसर से बचे रहने के उपाय बताए। प्राचार्य अमन गुप्ता तथा पूर्व रोटरी प्रधान डॉ. केके जैन ने हरी झंडी दिखाकर रैली को जुलूस के रूप में विदा किया। डॉ. विनय मल्होत्रा ने रैली का नेतृत्व किया। विभिन्न बाजारों में से निकलते हुए रैली का अंत जीएमएन पब्लिक स्कूल में हुआ। कैंसर विषय के ऊपर छात्रों में कराया गया पोस्टर मेकिंग तथा स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार स्कूल प्राचार्य रितु घई के कर कमलों से दिए गए। केवी नंबर 4 के के अमन, समर पाल, सुमित, जसकीरत, पलक, आन्या, नान्या तथा महिमा। विश्प, नंदिनी, प्राची जयमंत, मिताली, मान्या, अन्नया एवं मन्नत को सम्मानित किया गया। छात्रों के साथ रैली में इनर व्हील क्लब की सदस्यों जैसे कि डॉ. नीना मल्होत्रा, रेखा गुप्ता, नीलकमल; पूर्व प्रधान डॉ. एससी.धीर, डॉ. केके जैन, डॉ देशबंधु, डॉ. विनय मल्होत्रा, सुभाष बंसल, दिनेश सेठी, प्रधान संजीव गोयल, अजय गुप्ता संदीप चोपड़ा, दीपक जैन, विशु जैन, कनिका जैन, एडवोकेट केएल सहगल व जयकुमार ने भी हिस्सा लिया।

## ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर तीन लाख दो हजार रुपये हड़पे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर शहर की आर्य नगर निवासी आंचल से तीन लाख दो हजार हड़प लिए गए। आरोप हुड्डा सेक्टर 17 जगाधरी निवासी विक्रांत शर्मा पर लगा है। आर्य नगर निवासी आंचल में गांधीनगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पढ़ाई पूरी करने के बाद रोजगार के लिए विदेश जाना चाहती थी। उसकी मुलाकात हुड्डा सेक्टर 17 जगाधरी निवासी विक्रांत शर्मा के साथ हुई। आरोपी ने उसे भी रोजगार के लिए ऑस्ट्रेलिया भेज देगा। इस दौरान आरोपी ने तीन अप्रैल 2025 से लेकर 20 नवंबर 2025 के बीच उससे अलग-अलग करके तीन लाख दो हजार रुपए व उसके दस्तावेज ले लिए। आरोपी ने उसे जल्द विदेश भेजने का आश्वासन दिया मगर काफी दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी ने उसे ऑस्ट्रेलिया नहीं भेजा। जब उसने आरोपी से इस बारे बात की तो उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

### मिलीभक्त करके मृतक पिता की जमीन हड़पने का आरोप, पुलिस ने चार पर किया केस दर्ज

**यमुनानगर।** गांव पोन्टी निवासी खुर्शीद ने चार लोगों पर मिलीभक्त करके उसके मृत पिता की जमीन हड़पने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद चारों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव पोन्टी निवासी खुर्शीद ने सदर यमुनानगर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव मंडी में उसके पिता की जमीन है। 2020 में उसके पिता की मौत हो चुकी है। उसकी पिता की मौत के बाद उसके भाई व बहन की भी मौत हो चुकी है। इस दौरान उसे पता चला कि गांव दौलतपुर निवासी जैतून व जमील, गांव मंडी निवासी महबूब व गांव दुधाला निवासी शकील ने मिलीभक्त करके उसके पिता की जमीन पर कब्जा कर लिया है। आरोपी उसके पिता की जमीन हड़पना चाहते हैं। उसने इस बारे आरोपियों से बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने चारों आरोपियों पर धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## तीरंदाजी में दृष्टी व अंविशा ने जीते मेडल




पानीपत। तीरंदाजी में विजेता खिलाडी दृष्टि व अंविशा अतिथियों के साथ।

### 40वीं हरियाणा राज्य महिला तीरंदाजी स्पर्धा में बढ़ाया पानीपत का मान

पानीपत। पलवल में आयोजित 40वीं हरियाणा राज्य महिला तीरंदाजी प्रतियोगिता में पानीपत की तीरंदाजों ने अंडर-10 रिकर्व वर्ग में दृष्टी ने गोल्ड व अंविशा ने सिल्वर मेडल जीते है। दोनों एनवी आर्चरी अकादमी, पानीपत में तीरंदाजी का प्रशिक्षण ले रही है। वहीं, दृष्टि के पिता रमन कुमार एवं माता नीतू शर्मा, तथा अंविशा के पिता मनोज कुमार एवं माता नीतू कुमारी ने बेटियों की इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए अकादमी और कोच नागेश्वर वशिष्ठ का आभार व्यक्त किया। वहीं नागेश्वर ने बताया कि दृष्टि और अन्विशा दोनों ही अनुशासित, मेहनती और आत्मविश्वासी खिलाड़ी हैं। वे दिन दूर नहीं जब दोनों बेटियां नेशनल व इंटरनेशनल स्तर पर पानीपत व हरियाणा का नाम रोशन करेगी।

## कुरुक्षेत्र केडीबी मेला क्षेत्र में राज्य स्तरीय पशु मेला 6 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि हरियाणा पशुपालन विभाग की तरफ से केडीबी मेला क्षेत्र में ऐतिहासिक और यादगार पशु मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में 6 से लेकर 8 फरवरी तक प्रदेश के सभी जिलों से आने वाले अच्छी नस्ल के पशुओं के बीच में प्रतियोगिता होगी और विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार भी दिया जाएगा। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा लघु सचिवालय में केडीबी मेला क्षेत्र में 6 से 8 फरवरी तक आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय पशु मेले की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की एक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पशुपालन विभाग की तरफ से आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय पशु मेले में 23 जिलों से लगभग 1 लाख किसान भाग लेंगे। राज्य स्तरीय पशु मेले में 1500 पशु पहुंचेंगे।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, एडीसी विवेक आर्य, एसडीएम डा. चिनार चहल, सीईओ केडीबी पंकज सेतिया, सीईओ जिला परिषद शम्भू राठी, पशु पालन विभाग के उपनिदेशक डा. अनिल बनवाला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## 30 जनवरी से 2 फरवरी तक अजमेर में संपन्न हुई प्रतियोगिता

**प्रदेश के 230 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लेकर दिखाया दम**

# राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हरियाणा टीम ओवरऑल प्रथम स्थान पर

**देशभर के मास्टर्स महिला एवं पुरुष वर्ग के लगभग 2000 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें 30 वर्ष से 100 वर्ष तक के खिलाड़ी शामिल रहै**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप जोकि 30 जनवरी से 2 फरवरी तक चली जो पटेल स्टेडियम अजमेर राजस्थान में संपन्न हुई। इसमें समस्त भारत वर्ष से 22 राज्यों के मास्टर्स महिला एवं पुरुष वर्ग के लगभग 2000 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें 30 वर्ष से 100 वर्ष तक के खिलाड़ियों ने भाग लिया। हरियाणा के 230 खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लेकर ओवर ऑल चैंपियन सिप की ट्रॉफी पर कब्जा जमाया जिसमें हरियाणा ने 93 स्वर्ण पदक जीत कर पहला स्थान हासिल किया। तेलंगाना ने 66 स्वर्ण पदक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया और मनीपुर ने 60 स्वर्ण पदक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र जिला के 11 खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमे उप निरीक्षक रामगोपाल पाराशर अभिमन्यु पुर निवासी ने गोला फेंक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करके गोल्ड मेडल प्राप्त किया और अमित कुमार ने रेस में प्रथम स्थान गोल्ड मेडल और बाधा दौड़ में कांस्य प्राप्त करके कुरुक्षेत्र का नाम पूरे देश में रोशन किया।



कुरुक्षेत्र। हरियाणा टीम के खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

### खिलाड़ियों ने कुरुक्षेत्र का नाम देश भर में चमकायाः पाराशर

*खिलाड़ी रामगोपाल पाराशर ने बताया कि खेल प्रतियोगिता से आपके अंदर आत्मविश्वास और उत्साह बढ़ेगा और रोग दूर रहेंगे बुढ़ापा हमसे दूर भागता है। प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र से हरियाणा का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों में रामगोपाल पाराशर, पंडित रामराज कौशिक, अमित कुमार, बबीता, संदीप कश्यप, दिनेश शर्मा अमीन, ओमप्रकाश, सतपाल, अशोक कुमार, महावीर सिंह ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया और कुरुक्षेत्र जिला का नाम देश भर में बढ़ाने का काम किया।*

## खबर संक्षेप

### रविदास व गोगामेडी मंदिर का गल्ला तोड़कर की चोरी

**यमुनानगर।** गांव पेंसिल में चोरों ने रात को गांव के रविदास व गोगा मेडी मंदिर का गल्ला तोड़कर 12 हजार रुपए की नकदी चोरी कर ली। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव पेंसिल निवासी शेंकी संधू ने व्यासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उनके गांव में ही रविदास मंदिर व गोगामेडी बनी हुई है। जहां पर श्रद्धालु माथा टेकते हैं। चोरों ने एक फरवरी की रात को गांव के रविदास मंदिर व गोगामेडी के मंदिर में रखे गल्ले तोड़कर उनमें से करीब 12 हजार रुपए की दान राशि चोरी कर ली। सुबह जब श्रद्धालु मंदिर में माथा टेकने के लिए गए तो उन्हें गला टूटा मिला। श्रद्धालुओं ने घटना के बारे गांव के मौजिज लोगों को बताया । लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### देश की समृद्धि के लिए स्वदेशी को अपनाना होगा : सचदेवा

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय बहूतकनीकी संस्थान उमरी कुरुक्षेत्र में विद्यार्थियों को स्वदेशी और स्वावलंबन के बारे में जागरूक किया गया। मेजर नितिन बाली गीता निकेतन विद्या मंदिर की प्रधानाचार्या मंजुला शर्मा, ताराचंद विभागपूर्णकालिक स्वदेशी जागरण मंच एवं शिक्षक गणों ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इंस्ट्रूमेंटेशन एंड कंट्रोल इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष कंवल सचदेवा ने विद्यार्थियों विद्यार्थियों को स्वावलंबी बनने एवं स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि कैसे भारत वर्ष 2047 तक विकसित या समृद्ध और महान बन सकता है। कैसे आज अमेरिका दादागिरी करके हम पर 25% टैरिफ लगा रहा है। हमारे युवा पीढ़ी को ये समझना होगा कि अगर हमें देश को आगे लेकर जाना है तो हमें स्वदेशी वस्तुओं को ही खरीदना होगा।

### युवाओं को तिरंगे के प्रति कृतव्य पर किया जागरूक

**कुरुक्षेत्र।** सांसद और फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा संचालित राष्ट्रीय ध्वज जागरूकता अभियान 2026 के अंतर्गत कुरुक्षेत्र इंटरनेशनल स्किल सेंटर में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को राष्ट्रीय ध्वज के महत्व, उसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, गरिमा तथा ध्वज संहिता से संबंधित नियमों की जानकारी देना रहा। कार्यक्रम के दौरान आयोजित संवाद सत्र में फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के प्रवक्ता डॉ. राज कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज के विकासक्रम, उसके सम्मानजनक उपयोग और ध्वज संहिता के प्रमुख प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल के प्रयासों के चलते आम नागरिकों को सम्मानपूर्वक राष्ट्रीय ध्वज फहराने का अधिकार प्राप्त हुआ।

### बस स्टैंड पर महिला से छीने सोने के जेवर

**पानीपत।** पानीपत के गांव सिवाह स्थित बस स्टैंड पर एक लड़की व लड़के ने सोनीपत निवासी सीता को अपनी बातों में फंसा लिया और गेट के बाहर पहुंचते ही दोनों ने सीता को रुमाल सुंघा दिया। रुमाल सुंघाते ही सीता को नशा होने लगा और वे बेसुध होने लगी। इसका फायदा उठाकर दोनों आरोपियों ने महिला के कानों से सोने के बाले उतार कर फरार हो गए। इधर, सीता ने होश आने पर औद्योगिक हुडा सेक्टर-29 में इस मामले की शिकायत दर्ज करवाई है।

### कैशलैस योजना को लागू करने की मांग

**पानीपत।** हरियाणा पत्रकार संघ ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से पत्रकारों को पांच लाख रुपये का चिकित्सा बीमा संरक्षण देने वाले कैशलैस योजना को लागू करने की घोषणा करने की मांग की है। जबकि नए बजट में वृद्ध पत्रकारों की मासिक पैंशन को 15 हजार रुपये से बढ़ाकर 20 हजार रुपये करने की भी मांग की है।

### ठंड बढ़ने से जिले का न्यूनतम तापमान 9 डिग्री दर्ज

# घना कोहरा व शीतलहर ने मौसम में घोली ठंडक

- जिले में दूसरे दिन भी सुबह के वक्त घना कोहरा छाए रहने और शीतलहर चलने से जनजीवन अस्तव्यस्त रहाबारिश और मंद मंद हवा ने मौसम में घोली ठंडक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिले में दूसरे दिन बुधवार को भी अर्ध रात्रि से लेकर दोपहर तक घना कोहरा छाया रहा और शीतलहर चलने व आसमान में बादल छाए रहने से मौसम में ठंडक बढ़ गई। सुबह के वक्त लोगों ने ठंड में ठिठूरते हुए अपने कामधंधे निपटाए। वहीं, मौसम में ठंडक बढ़ने से जिले के तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

बुधवार को जिले में अर्धरात्रि से ही घना कोहरा छा गया था और शीतलहर चलनी शुरू हो गई थी । आलम यह रहा कि सुबह दस बजे तक मौसम में कड़ाके की ठंड बनी रही। जिसमें लोग कांपते हुए अपने गंतव्य पर पहुंचे। वहीं, वाहनों की गति धीमी रही। खास बात यह रही कि बुधवार को सुबह के वक्त मौसम में बनी कड़ाके की ठंड में बच्चे स्कूलों में ठिठूरते हुए पहुंचे। सुबह ग्यारह बजे के बाद घना कोहरा कुछ कम हुआ। मगर शीतलहर चलती रही।


**यमुनानगर।** बुधवार को घना कोहरा के बीच धीमी गति से चल रहे वाहन।

#### गेहूं के लिए मौसम में ठंड का बढ़ना जरूरी

कृषि विशेषज्ञ रवि कुमार सरसावा का कहना है कि गेहूं की फसल के लिए अभी मौसम में ठंड का बढ़ा रहना जरूरी है। क्योंकि इस समय अगेती व पछेती फसल के पौधों में ग्रोथ बढ़ रही है। मौसम में जितनी ज्यादा ठंड बढ़ेगी उतनी ही फसल में ग्रोथ बढ़ेगी और पैदावार अधिक होगी। बारिश होने से किसानों को काफी लाभ मिला है। गेहूं व सरसों की फसल की खेती में बारिश का काफी अहम योगदान होता है। जनवरी माह के अंत में होने वाली बारिश से फसलों को काफी लाभ प्रदान होता है।

#### तापमान में आई गिरावट

जिले में बुधवार को घना कोहरा व शीतलहर चलने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। जिले का तापमान न्यूनतम 9 डिग्री सेल्सियस व अधिकतम 22 डिग्री सेल्सियस रह गया।

जिसकी वजह से लोगों के काम धंधे प्रभावित हुए। फरवरी माह की शुरुआत में हुई बारिश से ठंड का दौर वापस से लौट आया है। लोगों ने कुछ दिन पहले ठंड कम होने के कारण दिन में दोपहर के समय तेज धूप के कारण लोगों को गर्मी का अहसास होना शुरू हो गया था। लेकिन अब पश्चिमी विक्षोभ के चलते बारिश और मंद मंद हवाओं ने लोगों को फिर से ठंड का अहसास करवा दिया है। आज यमुनानगर जिले में घना कोहरा व शीतलहर चलने के कारण तापमान में काफी गिरावट दर्ज की गई है।

# निर्माण कार्यों में आमजन एसटीपी के पानी का करें प्रयोग : उपायुक्त

- उपायुक्त कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारियों की आयोजित हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर


**यमुनानगर।** बैठक में अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए उपायुक्त प्रीति।

जिला प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक बुधवार को उपायुक्त कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त प्रीति ने की। उन्होने अधिकारियों को पानी की व्यवस्थाए पानी के रियूज पर काम करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त प्रीति ने बताया कि यमुनानगर जिले में 10 एसटीपी हैं। जिनमें से 5 एसटीपी यमुनानगर शहर में हैं। उन्होंने कहा कि सभी एसटीपी के ट्रीटेड वाटर के प्रयोग के लिए काम करना जरुरी है। उपायुक्त प्रीति ने कहा कि स्टार्च मिल, बिल्टए पेपर मिल व शुगर मिल जैसे बड़े उद्योगों में पानी की बड़ी मात्रा में खपत होती है। उन्होंने पंचायती राज विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यो में एसटीपी के पानी का प्रयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि एसटीपी के पानी को थर्मल में ले जाने की योजना पर तेजी से कार्य किया जाए। थर्मल की राख को दबाने के लिए इस पानी का प्रयोग किया जा सकता है। उपायुक्त प्रीति ने संबंधित विभागों को तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए और कहा कि संबंधित विभागों की समिति बनाकर और विजिट करने और पानी के रियूज के लिए प्रपोजल जमा करने के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त प्रीति ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण हमारी सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ जल और शुद्घ हवा देने का संकल्प लें। उन्होंने जिलावासियों से पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन में सहयोग करने और जल, जंगल और जमीन को दूषित होने से बचाए जाने की अपील की। मौके पर डीएमसी नगर निगम कुलदीप मलिक, पब्लिक हैल्थ के कार्यकारी अभियंता दिनेश गाबा, आरओ पॉल्यूशन प्रदीप कुमार,कार्यकारी अभियंता नगर निगम व पंचायत विभाग समेत अन्य विभागों के अदिकारी मौजूद रहे।

## देसी पिस्टल में पांच जिंदा राउंड के साथ युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** सीआईए वन पुलिस टीम ने गांव दुसानी के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध देशी पिस्तौल और पांच जिंदा राउंड बरामद किए हैं। इस दौरान आरोपी से एक मैगजीन भी बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार सीआईए वन पुलिस टीम में तैनात ईएचसी बृजपाल ने बताया कि वह शाम को टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान टीम को सूचना मिली थी कि गांव दुसानी के पास एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है। सूचना मिलते ही टीम ने मौके पर पहुंचकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे आरोपों को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक देशी पिस्तौल, पांच जिंदा राउंड व एक मैगजीन बरामद हुई है। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान बड़ा मदरसा बूडिया निवासी बिलाल के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# घर में घुसकर महिला के साथ की धक्का मुक्की

- पुलिस ने दो आरोपियों को नामजद करते हुए कुछ अन्य के खिलाफ किया केस दर्ज

**यमुनानगर।** जगाधरी की वीर नगर कॉलोनी में दो लोगों ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक घर में घुसकर महिला के साथ धक्का मुक्की व गाली गलौज की। इस दौरान आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपी लोगों को नामजद करते हुए कुछ अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार वीर नगर जगाधरी निवासी सुमित राठी ने हुड्डा सेक्टर 17 पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि 24 जनवरी को दोपहर एक बजे उसकी पत्नी घर पर काम कर रही थी। इस दौरान दीदार व गौरव गर्ग अपने साथियों के साथ मिलकर उनके घर में घुस गए और उसकी पत्नी के साथ गाली गलौज करने लगे। इस दौरान आरोपियों ने उसकी पत्नी के साथ धक्का मुक्की की और उसे जान से मारने की धमकी भी दी।

#### युवक पर तेजधार हथियार से हमला किया

गांव ससौली निवासी गगन ने बताया कि वह तीन फरवरी को दोपहर तीन बजे किसी काम से शहर के मॉडल टाउन में आया था। जब वह चड्ढा अस्पताल के पास पहुंचा तो वहां पर सरवन अपने साथियों के साथ आया और उसे रास्ते में रोक लिया। इस दौरान आरोपी ने उस पर तेज धार हथियारों से हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी को नाम जद करते हुए कुछ अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# हिंदू सम्मेलन को लेकर बांटे निमंत्रण पत्र

- मातृशक्ति की वरिष्ठ सदस्य सुधा गर्ग के नेतृत्व में चलाया अभियान
- 22 को रेडक्रास मैदान में आयोजित होगा सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर


**यमुनानगर।** हिंदू सम्मेलन को सफल बनाने के लिए घर घर देते हुए निमंत्रण पत्र।

भारत सेवक नगर की मातृशक्ति द्वारा बुधवार को जगाधरी की शिवपुरी सोसायटी में आठ फरवरी को आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन को सफल बनाने के उद्देश्य से शहर में घर घर संपर्क अभियान चलाकर निमंत्रण पत्र दिए। मौके पर उन्होंने लोगों को हवन सामग्री का वितरण भी किया। मातृशक्ति के इस अभियान ने क्षेत्र में उत्साह और सकारात्मक माहौल बनाया।

मातृशक्ति की सदस्य सुधा गर्ग, बबीता, पूजा, रुचि कंबोज, रेशमा व संगीता आदि सदस्यों ने शहर के अग्रसेन नगर, गोविंदगढ़ फार्म, बाग वाली कालोनी, शिवपुरी सोसायटी, सरस्वती कालोनी आदि में जनसंपर्क चलाकर लोगों को निमंत्रण दिए। उन्होंने बताया कि विराट हिंदू सम्मेलन के आयोजन को लेकर लोगों में भारी उत्साह है। मौके पर कुमारी समृद्धि ने बताया कि गृह संपर्क अभियान के साथ साथ अन्य माध्यम से भी लोगों से संपर्क कर सम्मेलन में पहुंचने का आह्वान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आठ फरवरी के सम्मेलन के बाद जगाधरी के सेक्टर 17 स्थित रेडक्रास मैदान में 22 फरवरी को प्रस्तावित हिंदू सम्मेलन को सफल बनाने के लिए अनाज मंडी में कार्य समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डॉ. यशपाल सिंघल ने की। इसमें हिंदू सम्मेलन समिति के संयोजक देवेंद्र राणा, सह संयोजक माध्व, नगर कार्यवाह अनुज गर्ग, सुदेश गर्ग, भारत भूषण अनेजा, अरविंद मंगला, विवेक, सचिन कंबोज व पीयूष आदि मौजूद रहे।

# छात्रा अवनी पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में रही प्रथम

- महाराणा प्रताप सीनियर सैकेंडरी स्कूल में आयोजित हुई स्वच्छता विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

महाराणा प्रताप सीनियर सैकेंडरी स्कूल नाचरौन में बुधवार को आठवीं से दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए स्वच्छता पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्रा अवनी का पोस्टर सबसे अच्छा रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रबंधक साहब सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में छात्रा तृषा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि तृषा ने द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं तृतीय स्थान पर लक्षित रहा। सांत्वना पुरस्कार अक्षिता को दिया गया। मौके पर स्कूल प्रबंधक साहब सिंह ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह प्रतियोगिताओं में भाग लेने से विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन होता है। उनके आत्मविश्वास में बढ़ोत्तरी होती है। स्कूल प्रबंधक साहब सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों को स्वच्छता के महत्व को समझाना रहा। क्योंकि कुछ दिनों बाद बच्चों की वार्षिक परीक्षाएं शुरु हो रही हैं। जिनके लिए बच्चों की विभिन्न गतिविधियां आयोजित करवाकर तैयारियां करवाई जा रही हैं। मौके पर उन्होंने बच्चों को वार्षिक परीक्षाओं के लिए अपनी पूरी तैयारियां करने के लिए आहवान किया। उन्होंने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए स्टॉफ सदस्यों का आभार जताया।

# तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने उठाए अनेक कदमः संधावा

- केएस संधावा ने किया रावमावि सारण का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर


**यमुनानगर।** औचक निरीक्षण करते हुए उप जिला शिक्षा अधिकारी केएस संधावा।

हरियाणा सरकार ने प्रदेश में तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। उक्त शब्द उप जिला शिक्षाअधिकारी केएस संधावा ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सारण का औचक निरीक्षण करते हुए कहे। उन्होंने निरीक्षण के दौरान विद्यालय में चल रही एनएसक्यूएफ के तहत आईटी लैब एवं रिटेल लैब की कार्यप्रणाली के साथ साथ लैब इंचार्ज से लैब प्रबंधन एवं व्यवस्था की जानकारी ली। उप जिला शिक्षा अधिकारी केएस संधावा ने बताया कि प्रदेश में तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकार अनेक कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा शिक्षा विभाग के सरकारी विद्यालयों में नैशनल स्किल क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क के तहत चार वर्षीय व्यवसायिक कोर्स करवाए जा रहे हैं । संधावा ने बताया कि यह कोर्स विद्यार्थी अपनी रेगुलर पढ़ाई के साथ.साथ कर रहे हैं । उन्होंने बताया कि कक्षा 9 से 12 तक विद्यार्थी इन कोर्सों में दाखिला लेकर अपनी व्यावसायिक क्वालिफिकेशन पूरी करते हैं।

## ज्योतिबा फुले कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण


**रादौर।** स्कूल के विद्यार्थी भ्रमण कार्यक्रम में भाग लेते हुए।

**रादौर।** ज्योतिबा फुले राजकीय महाविद्यालय रादौर में बुधवार को शैक्षणिक भ्रमण कमेटी के तत्वावधान में उच्चतर शिक्षा निदेशालय की ओर से एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य डा. एसके सिंह की अध्यक्षता में करवाया गया। प्राचार्य एसके सिंह ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थी जीवन का एक सुअवसर है। छात्रों को ऐसे अवसरों का भरपूर लाभ उठाना चाहिए और शैक्षिक भ्रमण के दौरान ज्ञान अर्जित कर छात्रों को अपने व्यक्तित्व का विकास करना चाहिए। संयोजक सहायक प्रो. गौरव सैनी की देखरेख में यह भ्रमण ज्योतिबा फुले राजकीय महाविद्यालय रादौर से विरासत ए खालसा आनंदपुर साहिबए गुरुद्वारा श्री आनंदपुर साहिब, श्री गुरु तेग बहादुर संग्रहालय आनंदपुर साहिब से होता हुआ माता नैना देवी धार्मिक स्थल तक गया। इस भ्रमण में सहायक प्रो. मंगल सिंह एवं छात्र उपस्थित रहे।

# एसएमसी की बैठक में स्कूल कार्यों पर हुई चर्चा

**रादौर।** राजकीय उच्च विद्यालय मंधार में बुधवार को एसएमसी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता स्कूल प्रधानाचार्य रोहित अरोड़ा ने की। उन्होंने स्कूल के अनेक कार्यों जैसे मिड डे मील, किचन, गार्डन, स्कूल के साफ सफाई व अन्य कार्यों पर विचार विमर्श किया। उन्होंने मीटिंग में स्कूलों में बच्चों को दी जाने वाली साइकिल, मिड डे मील व उनकी वार्षिक परीक्षाओं के बारे में भी चर्चा की। इस अवसर पर एसएमसी प्रधान सीमा रानी व अन्य सभी सदस्यों ने भाग लिया। उन्होंने स्कूल में होने वाले कार्यों को देखकर खूब प्रशंसा की। इस दौरान प्रधानाचार्य ने अगले साल स्कूल में दाखिले को बढ़ाने पर भी पूर्ण रूप से कोशिश करने का अपना सहयोग किया। इस अवसर पर सभी स्कूल स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।


**रादौर।** बैठक में भाग लेते स्टाफ सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

# 13 फरवरी को हर्ष से मनाई जाएगी कुंभ संक्रांति : पांडे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



श्री विश्वकर्मा मंदिर रादौर के पुजारी अवध बिहारी पांडे ने बताया कि कुंभ संक्रांति के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस बार कुंभी संक्रांति 13 फरवरी को है। यह संक्रांति तब आती है जब सूर्य भगवान अपनी राशि बदलते हैं। हर माह सूर्य अपनी राशि बदलते हैं। सभी राशियों में भ्रमण करने का चक्र सूर्य एक वर्ष में पूरा करते हैं। इस बार सूर्य का कुंभ राशि में गोचर 13 फरवरी को होने जा रहा है। ऐसे में इस दिन ही कुंभ संक्रांति मनाई जाएगी। इस दिन हिंदू धर्म के सभी देवी देवता पवित्र नदियों में स्नान करते हैं। ऐसे में इस दिन पवित्र नदी में स्नान करना बेहद विशेष माना जाता है। उन्होने बताया कि 13 फरवरी को सुबह 4 बजकर 14 मिनट पर कुम्भ संक्रांति का पुण्य काल आरंभ हो रहा है। उन्होंने बताया कि हिन्दू धर्म में सक्रांति का महत्व उतना ही है जितना पूर्णिमा, अमावस्या और एकादशी तिथि का है। इस दिन स्नान का महत्व अत्याधिक होता है। संक्रांति पर्व पर यदि स्नान किया जाए तो व्यक्ति को ब्रह्म लोक की प्राप्ति होती है।

## गुरु नानक खालसा कालेज में एनएसएस शिविर का समापन

# सफलता के लिए सकारात्मक सोच का होना जरूरीः डॉ. खुराना

#### वाणिज्य विभाग के प्रोफेसर डॉ. अशोक खुराना ने कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर


**यमुनानगर।** शिविर के समापन पर कार्यक्रम में भाग लेते हुए स्वयंसेवक।

कालेज के गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर की एनएसएस यूनिट द्वारा गांव फतेहपुर में आयोजित की जा रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन हो गया। शिविर के समापन पर कालेज के वाणिज्य विभाग के प्रोफेसर डॉ. अशोक खुराना ने मुख्य वक्ता के रुप में भाग लिया।

मुख्य वक्ता प्रोफेसर डॉ. अशोक खुराना ने एनएसएस स्वयंसेवकों को एनएसएस के कर्त्तव्यों को समझाया। उन्होंने ध्यान के लाभों पर प्रकाश डाला। प्रोफेसर डॉ. अशोक खुराना ने एनएसएस के विद्यार्थियों को समझाया कि व्यक्तिगत विकास और जीवन में सफलता के लिए दैनिक प्रतिज्ञान और सकारात्मक सोच होना जरुरी है। वहीं, कालेज के पूर्व प्रिंसिपल डॉ. हरिंदर सिंह कंग और पूर्व एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. आरपी सिंह ने गांव गधौली में पहले के एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा की गई सामाजिक सेवा गतिविधियों के बारे में अपने अनुभव सांझा किए। उन्होंने विद्यार्थियों को निस्वार्थ सेवा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कॉलेज के पूर्व छात्र सुशील गुलाटी,रंजन शर्मा और गुरप्रीत ने एनएसएस स्वयंसेवकों को पॉक्सो अधिनियम, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर और हरियाणा राज्य में उनके सामाजिक संगठन की भूमिका पर विचार प्रस्तुत किए। कालेज के प्रिंसिपल डॉ. अरविंदर सिंह भल्ला ने एनएसएस स्वयंसेवकों को उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। उन्होंने अनुशासन की सराहना की और सामाजिक रूप से जिम्मेदार नागरिक बनाने में एनएसएस के महत्व पर जोर दिया। चेयरमैन सरदार रणदीप सिंह जौहर ने शिविर के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर एनएसएस यूनिट को बधाई दी। मौके पर डॉ. पायल लांबा आदि मौजूद रहे।

# सब जूनियर राष्ट्रीय खो-खो स्पर्धा : महाराष्ट्र की लड़कियों और ओडिशा के लड़कों ने जीता खिताब



कुरुक्षेत्र। विजेता टीम को सम्मानित करते आयोजक।

- विजेता टीमों के लिए 25,000 रुपये का ईनाम दिया

## लड़कियों की श्रेणी में पंजाब-हरियाणा संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

35वीं सब जूनियर राष्ट्रीय खो-खो चैंपियनशिप (लड़के एवं लड़कियां) 2025-26 आज कुरुक्षेत्र के केशव पार्क में संपन्न हुई। लड़कियों की श्रेणी में गत विजेता महाराष्ट्र ने राजस्थान को 27-15 से हराकर 12 अंक और एक इनिंग के अंतर से खिताब अपने नाम किया। लड़कों की श्रेणी में ओडिशा ने कोल्हापुर को 31-24 से हराकर 7 अंक और एक इनिंग के अंतर से चैंपियन बना। लड़कों की श्रेणी में महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया, जबकि लड़कियों की श्रेणी में पंजाब और हरियाणा ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस चैंपियनशिप का आयोजन हरियाणा स्पोर्टस खो-खो एसोसिएशन द्वारा खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में किया गया था। राष्ट्रीय आयोजन का उद्घाटन हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 31 जनवरी को किया था। चैंपियनशिप में विभिन्न राज्यों, संघ शासित प्रदेशों और तीन संबद्ध सदस्य संघों कोल्हापुर, विदर्भ और मध्य की 31 लडक़ों और इतनी ही लड़कियों की टीमें शामिल हुईं।भारत खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने कहा कि ये युवा प्रतिभाएं एक उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ रही हैं। केकेएफआई उन्हें सर्वोत्तम प्रशिक्षण और सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। मैं सभी प्रतिभागियों और विजेताओं को इस सब जूनियर चैंपियनशिप को सफल बनाने के लिए बधाई देता हूं।

### खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत

हरियाणा स्पोर्टस खो-खो एसोसिएशन के अध्यक्ष जवाहर सिंह यादव ने कहा कि विजेता टीमों के लिए 25,000 रुपये, दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमों के लिए 20,000 रुपये और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमों के लिए 15,000 रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा करता हूं। तीसरे स्थान पर रही हरियाणा की लड़कियों की टीम के लिए मैं 1 लाख रुपये का पुरस्कार घोषित करता हूं। उन्होंने कहा कि लड़कियों की श्रेणी में महाराष्ट्र की राही पाटिल को सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर, राजस्थान की गुंजन को सर्वश्रेष्ठ अटैकर और महाराष्ट्र की अपर्णा वर्दे को सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर के लिए आई.एल.ए अवॉर्ड से नवाजा गया। उन्होंने कहा कि लडक़ों की श्रेणी में महाराष्ट्र के वरद को सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर, कोल्हापुर के गौरव माने को सर्वश्रेष्ठ अटैकर और ओडिशा के सत्य रंजन बेहरा को सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर के लिए भारत अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर केकेएफआई के महासचिव उपकार सिंह विर्क, हरियाणा स्पोर्टस खो-खो एसोसिएशन के अध्यक्ष जवाहर सिंह यादव, महासचिव महेंद्र कम्बोज, कुरुक्षेत्र खो-खो एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकुमार सैनी, हरियाणा सरकार के खेल विभाग की उप निदेशक सुनीता खत्री और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सम्मानित

**कुरुक्षेत्र।** गीता निकेतन आवसीय विद्यालय द्वारा गणित विज्ञान मेला के अंतर्गत विज्ञान गतिविधियों, गणित गतिविधियों तथा कंप्यूटर गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करने हेतु पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों की शैक्षणिक उत्कृष्टता, प्रतिभा तथा नवाचार के प्रति उनकी उत्सुकता को सराहा गया। समारोह में विज्ञान एवं गणित विषयों से संबंधित प्रयोग, प्रश्नोत्तरी, मॉडल प्रदर्शनी तथा शोध-पत्र वाचन में विद्यार्थियों की उपलब्धियों को प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों ने कंप्यूटर मॉडल एवं प्रायोगिक कार्यों के माध्यम से अपनी दक्षता का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों की मेहनत, रचनात्मकता, समस्या समाधान क्षमता तथा टीम भावना सराहनीय रही।

### केयू ने किया रूहिल फ्यूचर टेक्नोलॉजीज से एमओयू

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (यूआईईटी) और रुहिल फ्यूचर टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के बीच आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में शिक्षा, कौशल विकास, अनुसंधान एवं नवाचार को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव लेफ्टिनेंट प्रो. वीरेंद्र पाल तथा रूहिल फ्यूचर टेक्नोलॉजीज की ओर से अंशिका जायसवाल ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज शिक्षा, प्रशासन, उद्योग और समाज के हर क्षेत्र में परिवर्तन की धुरी बन चुकी है। विश्वविद्यालयों की भूमिका अब केवल ज्ञान प्रदान करने तक सीमित नहीं रही, बल्कि छात्रों को भविष्य की तकनीकों के अनुरूप तैयार करना हमारी सर्वोच्च जिम्मेदारी है।

## सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक में 12 एजेंडों का समाधान

# एनएच 44 पर अवैध कट बनाने वाले लोगों पर एफआईआर : डीसी

### ढाबों पर खाने की गुणवत्ता को चैक करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। अधिकारियों को संबोधित करते उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि एनएच 44 पर कुरुक्षेत्र की सीमा में अवैध कट बनाने वाले लोगों, ढाबा संचालकों और पैट्रोल पम्प संचालकों के खिलाफ एनएचएआई विभाग की तरफ से एफआईआर दर्ज करवाई गई है। इस विषय पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी और एनएचएआई विभाग की तरफ से जल्द ही अवैध कटो को दोबारा ठीक किया जाएगा। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला सडक सुरक्षा समिति की मासिक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले आरटीए इंस्पेक्टर जोगिन्द्र सिंह ढुल ने 15 एजेंडों को विस्तार से हाउस के समक्ष रखा और कुछ आगामी एजेंडों को भी रखा गया तथा विस्तार से चर्चा की गई है। उपायुक्त ने कहा कि एनएच 44 पर सभी ढाबा संचालकों और पैट्रोल पंप संचालकों को किसी भी सूरत पर अवैध कट नहीं बनाने चाहिए। इन अवैध कटों के कारण ही सडक दुर्घटनाओं में इजाफा हो रहा है। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए एनएचएआई विभाग द्वारा कुछ लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई गई है। उन्होंने फूड सेफ्टी विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि एनएच 44 पर कुरुक्षेत्र की सीमा के अंदर ढाबों पर खाने की गुणवत्ता को चैक करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि जलेबी चौक शाहबाद में हाइ मास्क लाइट और कैमरा लगाने का प्रस्ताव तैयार किया जाएगा, लाडवा चौक पर ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए रैड लाईट का शुरू करने के निर्देश दिए है।

### अतिक्रमण को हटाने के दिए निर्देश

ब्रह्मसरोवर के चारों तरफ और अंदरूहुनी जगहों पर कैमरे लगाने के प्रस्ताव पर तेजी से काम किया जाए। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि द्वितीय गेट से लेकर एलएनजेपी और जाट धर्मशाला तक अतिक्रमण को हटाने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जाए। इस मार्ग पर राहगिरो को परेशानी हो रही है और ट्रैफिक जाम की समस्या पैदा हो रही है।

# विभिन्न संगठनों के लोग 12 को राष्ट्रीय हड़ताल में होंगे शामिल

- मजदूर-कर्मचारी विरोधी चारों लेबर कोड थोपने का विरोध और कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



मजदूर-कर्मचारी विरोधी चारों लेबर कोड थोपने, लोकतंत्र पर हो रहे हमलों के खिलाफ और सभी कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने व स्थायी रोजगार की मांग को लेकर 12 फरवरी को होने वाली देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा और सीटू के संयुक्त जत्थों ने जिले के विभिन्न सरकारी कार्यालयों में पहुंचकर जनसभाओं को संबोधित किया। जत्थों में शामिल राज्य प्रेस सचिव गुलशन भारद्वाज, उपमहासचिव संदीप सांगवान, सचिव शिवचरण,उपप्रधान कश्मीर सिंह,सदस्य राजिंदर राणा, जिला प्रधान रामनाथ भाटी, कैशियर बिट्टू रँगा,ब्लॉक प्रधान पेहोवा बलवान मोर तथा ब्लॉक प्रधान थानेसर विशाल ने कहा कि देश और प्रदेश आज एक गहरे, सुनियोजित और बहुआयामी हमले के दौर से गुजर रहे हैं। पूंजीपतियों के हित में निजीकरण व ठेकाकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है, केन्द्रीकरण और साम्प्रदायिकता को योजनाबद्ध ढंग से आगे बढ़ाया जा रहा है तथा सरकारी विभागों को जान-बूझकर सिकोड़ा जा रहा है ताकि सार्वजनिक सेवाओं को बाजार के हवाले किया जा सके। राज्य स्तरीय जत्थे के दौरान वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि 12 फरवरी की हड़ताल किसी एक विभाग या वर्ग की नहीं, बल्कि संविधान, सामाजिक न्याय, लोकतंत्र और जनसेवा को बचाने की निर्णायक लड़ाई है। उन्होंने सभी कर्मचारियों, मजदूरों, युवाओं और आम जनता से अपील की कि वे 12 फरवरी की देशव्यापी हड़ताल को पूरी ताकत से सफल बनाएं।

## आयुष विश्वविद्यालय में बीएमडी जांच शिविर कल


जानकारी देते राजा सिंगला।

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान में शुक्रवार को हड्डी खनिज घनत्व (बीएमडी) जांच शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें शल्य तंत्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. राजेंद्र सिंह चौधरी और एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अनामिका की टीम मरीजों के स्वास्थ्य की जांच और आवश्यक परामर्श भी देंगे। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर डॉ. राजा सिंगला ने बताया कि कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में 6 फरवरी को शल्य तंत्र विभाग की ओपीडी कक्ष संख्या-14 में झंडू फार्मा के सहयोग से हड्डी खनिज घनत्व जांच शिविर लगाया जाएगा। इस शिविर में हड्डियों की सेहत से संबंधित समस्याओं जैसे-ऑस्टियोपोरोसिस, हड्डी क्षरण एवं अन्य हड्डी संबंधी रोगियों की निशुल्क जांच की जाएगी। डॉ. सिंगला ने बताया कि कैंप सुबह 9 से दोपहर एक बजे तक चलेगा, जिसमें मरीजों को विभिन्न रोगों की जानकारी दी जाएगी।




### विद्यार्थियों को मन की शक्ति का महत्व बताया

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय बहुतकनीकी उमरी कॉलेज में सभी विद्यार्थियों के लिए एनएसएस का कैंप आयोजित किया गया। इस कैंप में 60 से ज्यादा विद्यार्थी उपस्थित थे। कैंप में ब्रह्मा कुमारीज की ओर से ब्रह्माकुमारी मधु बहन को आमंत्रित किया गया, जिन्होंने विद्यार्थियों के लिए एक मोटिवेशनल प्रोग्राम रखा। इस प्रोग्राम का विषय था माइड मैनेजमेंट। ब्रह्माकुमारी मधु बहन ने विद्यार्थियों को मन की शक्ति का महत्व बताया और कहा कि अगर व्यक्ति का मन कमजोर है तो वह किसी भी परिस्थिति का सामना नहीं कर सकता। अगर मन सशक्त है तो वह स्थिति उसके लिए अवसर बन जाती है। उन्होंने विचार शक्ति के बारे में भी बताया और कहा कि कैसे नकारात्मक और फालतू विचारों को कैसे कंट्रोल किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को मेडिटेशन का महत्व भी बताया और कहा कि रोज सकारात्मक चिंतन करना चाहिए और मेडिटेशन का अभ्यास करना चाहिए। राजकीय बहू तकनीकी आचार्य प्रिंसिपल ने ब्रह्माकुमारी मधु बहन को मोमेंटो देकर सम्मानित किया उसके साथ पिंकी बहन को भी मोमेंट को देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कवलं सचदेवा विभाग अध्यक्ष, देवव्रत, सुहाना पति अध्यापिका, रश्मि अध्यापिका और विद्यार्थी सोनिया, सचिन, हितेश, नितेश आशीव अली इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# सही इलाज के महत्व को समझाने के लिए मनाया जाता है विश्व कैंसर दिवस : अनेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सीनियर मेडिकल ऑफिसर एवं एडमिनिस्ट्रेटर डॉ. आशीष अनेजा ने बताया कि हर साल लाखों लोग कैंसर की वजह से मौत के मुंह में समा जाते हैं। कैंसर के प्रति जागरुकता बढ़ाने, समय पर जांच और सही इलाज के महत्व को समझाने के लिए हर साल विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। यह खास दिन हर साल 4 फरवरी को मनाया जाता है। कैंसर एक जानलेवा बीमारी है, जिससे हर साल लाखों लोग मर जाते हैं। इस वर्ष 2026 के विश्व कैंसर दिवस का विषय है अद्वितीयता द्वारा एकजुट।

### पौष्टिक आसार का करे सेवन



यह शोधपत्र कैंसर के खिलाफ लड़ाई में व्यक्तिगत, रोगी-केंद्रित देखभाल की महत्वपूर्ण भूमिका को परिभाषित करता है। यह प्रत्येक व्यक्ति की अनूठी जरूरतों को पूरा करने के लिए कैंसर के उपचारों को अनुकूलित करने के महत्व पर प्रकाश डालता है। कैंसर एक ऐसी स्थिति है जिसमें शरीर की कुछ कोशिकाएं अनियंत्रित रूप से विकसित होकर शरीर के अन्य भागों में फैल जाती हैं। विश्व स्तर पर, कैंसर मृत्यु का प्रमुख कारण है, तंबाकू का सेवन, शराब का लंबे समय तक सेवन, अस्वास्थ्यकर खान-पान की आदतें, शारीरिक व्यायाम की कमी और वायु प्रदूषण के संपर्क में आना, ये सभी कैंसर के जोखिम कारक हैं। कैंसर के जोखिम को कई तरीकों से कम किया जा सकता है, जिनमें शामिल हैं: फलों और सब्जियों से भरपूर और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों और लाल मांस से कम पौष्टिक आहार का सेवन करें, नियमित व्यायाम और स्वस्थ वजन बनाए रखना, तंबाकू उत्पादों के सेवन से परहेज करना, न्यूनतम शराब का सेवन, पराबैंगनी किरणों से बचाव के उपायों में सनस्क्रीन का उपयोग करना और सुरक्षात्मक कपड़े पहनना शामिल है।


कुरुक्षेत्र। इंग्लिश ओलंपियाड उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थी को बधाई देते गुरुकुल के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. परवीन कुमार शर्मा।

### एसओएफ के इंग्लिश ओलंपियाड में गुरुकुल कुरुक्षेत्र का शानदार प्रदर्शन

**कुरुक्षेत्र।** गुरुकुल कुरुक्षेत्र ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रमाण देते हुए एसओएफ के इंग्लिश ओलंपियाड में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। लेवल-वन परीक्षा में विद्यालय के कुल 14 विद्यार्थियों ने गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस प्राप्त कर संस्थान का नाम गौरवान्वित किया। इस उपलब्धि को और भी विशेष बनाते हुए विद्यालय के चार विद्यार्थियों ने लेवल-टू के लिए क्वालीफाई किया। चयनित विद्यार्थियों में कक्षा 7 के अर्नव कुमार, कक्षा 8 के अथर्व, कक्षा 9 के ईशान मिश्रा तथा कक्षा 11 के वीर छिकारा शामिल हैं। इन विद्यार्थियों की सफलता विद्यालय में अंग्रेजी भाषा शिक्षण और प्रतियोगी परीक्षाओं की सुदृढ़ तैयारी को दर्शाती है। इस अवसर पर गुरुकुल के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. परवीन कुमार शर्मा ने सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है।


पिहोवा। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते कांग्रेस नेता सतनाम सिंह विर्क।

### बुढ़ापा पेंशन काटना बुजुर्गों के साथ अन्याय सरकार तानाशाही फैसले ले रही : विर्क

**पिहोवा।** बुढ़ापा पेंशन में की जा रही कटौती को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सतनाम सिंह विर्क ने सरकार पर तीखा राजनीतिक हमला बोलते हुए कहा कि बुजुर्गों की पेंशन काटकर सरकार ने यह साफ कर दिया है कि उसकी नीतियां जनकल्याण नहीं, बल्कि जनविरोधी हैं। यह फैसला गरीब, बुजुर्ग और किसान विरोधी सोच का जीता-जागता उदाहरण है। उन्होंने कहा कि बुढ़ापा पेंशन बुजुर्गों के लिए कोई एहसान नहीं, बल्कि उनका हक है। आज के समय में जब महंगाई आसमान छू रही है, तब बुजुर्ग अपनी दवाइयों, रोजमर्रा की जरूरतों और आत्मसम्मान के लिए पेंशन पर निर्भर रहते हैं। सरकार द्वारा पेंशन काटना बुजुर्गों की उम्मीदों को तोड़ने जैसा है। सतनाम सिंह विर्क ने सरकार द्वारा तय की गई 3 लाख रुपये की आय सीमा को पूरी तरह अव्यवहारिक बताते हुए कहा कि बहुत से किसान ठेके पर जमीन लेकर खेती करते हैं। अगर फसल 3 लाख रुपये में बिक भी जाती है, तो बीज, खाद, दवा, डीजल और मजदूरी पर 4 से साढ़े 4 लाख रुपये तक खर्च हो जाता है। सरकार केवल खाते में आई रकम देख रही है, लेकिन किसान की वास्तविक हालत देखने को तैयार नहीं है। उन्होंने नायब सरकार से बुढ़ापा पेंशन में की गई कटौती तुरंत वापस लेने की मांग की है।

**चर्चा** हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ ने मिड डे मील योजना से जुड़ी अव्यवस्थाओं पर चिंता जताई

# कुकिंग कॉस्ट व ईंधन व्यय की राशि तत्काल निर्धारित कर विद्यालयों को उपलब्ध करवाए जाने की मांग

सभी विद्यालयों में संतुलित सामग्री की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। जानकारी देते हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ के राज्य प्रधान डॉ. दिनेश निम्बड़ियां व मौजूद अन्य।

हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ ने राज्य में संचालित मिड डे मील योजना से जुड़ी गंभीर अव्यवस्थाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की है। वर्तमान में प्रदेश के विद्यालयों में मिड डे मील बनाने हेतु विभिन्न विभागों द्वारा हरियाणा एग्रो के माध्यम से जनवरी व फरवरी माह के लिए राशन सामग्री वितरित की गई है, लेकिन जनवरी माह समाप्त हो जाने के बावजूद शिक्षा विभाग द्वारा नई कुकिंग कॉस्ट को लेकर अब तक कोई आधिकारिक पत्र जारी नहीं किया गया है। इससे विद्यालय स्तर पर भारी असमंजस और व्यावहारिक कठिनाइयाँ उत्पन्न हो रही हैं। संघ के राज्य प्रधान डॉ. दिनेश निम्बड़ियां ने कहा कि इससे पूर्व विभाग द्वारा विद्यालयों को केवल गेहूं/आटा व चावल की आपूर्ति की जाती थी तथा मिड डे मील की निर्धारित रेसिपी के अनुसार प्राथमिक व मिडिल स्कूलों के लिए अलग-अलग दरों पर प्रति विद्यार्थी कुकिंग कॉस्ट की राशि सीधे विद्यालयों को प्रदान की जाती थी। वर्तमान में हरियाणा एग्रो के माध्यम से गुड़, काबुली चना, काला चना, राजमा, सौंफ, जीरा, नमक, लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, गरम मसाला पाउडर, रागी आटा, हल्दी आदि सामग्री भेजी गई है, जिसकी गुणवत्ता को लेकर पहले भी अध्यापकों एवं विभिन्न अध्यापक संगठनों द्वारा गंभीर आपत्तियाँ दर्ज कराई जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि बिना स्पष्ट नीति और गुणवत्ता नियंत्रण के इस प्रकार की आपूर्ति से न तो बच्चों का पोषण सुनिश्चित हो पा रहा है और न ही विद्यालयों में योजना का सुचारू संचालन संभव है।

### बच्चों के पोषण से न करें समझौता

संघ के राज्य महासचिव विनोद मोहड़ी ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में विद्यालयों के मिड डे मील इंचार्ज और स्कूल मुखिया अत्यंत पशोपेश की स्थिति में हैं। मिड डे मील की विभिन्न रेसिपी तैयार करने के लिए आज भी उन्हें दूध, दही, सब्जी जैसी आवश्यक सामग्री खुले बाजार से खरीदनी पड़ रही है तथा भोजन पकाने के लिए गैस सिलेंडर भी भरवाने पड़ते हैं। इसके बावजूद विभाग द्वारा न तो दूध, दही व सब्जी की खरीद हेतु और न ही ईंधन व्यय के लिए किसी प्रकार की कुकिंग कॉस्ट अथवा गैस खर्च से संबंधित कोई स्पष्ट आदेश जारी किया गया है। हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ मांग करता है कि शिक्षा विभाग इस विषय में शीघ्रातिशीघ्र स्पष्ट और लिखित निर्देश जारी करे, कुकिंग कॉस्ट व ईंधन व्यय की राशि तत्काल निर्धारित कर विद्यालयों को उपलब्ध कराए तथा मिड डे मील योजना के अंतर्गत सभी विद्यालयों में पर्याप्त, गुणवत्तापूर्ण और संतुलित सामग्री की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि बच्चों के पोषण से कोई समझौता न हो और अध्यापकों को अनावश्यक प्रशासनिक एवं वित्तीय दबाव का सामना न करना पड़े।

## खबर संक्षेप

### कुत्तों के साथ बर्बरता करने पर केस दर्ज

**अंबाला** । अंबाला कैंट के चमेली पुल के निकट रहने वाले एक युवक पर कुत्तों के साथ बर्बरता करने का आरोप लगा है। पुलिस ने पशु प्रेमी युवती वंशिका लांबा की तहरीर पर आरोपी भरत पर पशु को मारने या अपंग करने की धारा 325 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। आरोपी को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने पशु विभाग के डॉ. राजेश बेनिवाल से पिल्ले का पोस्टमार्टम करवाया व कुतिया का मेडिकल भी करवाया गया। कैंट थाना प्रभारी इंस्पेक्टर लखबीर सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम व मेडिकल रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की वंशिका लांबा ने बताया कि वह पैट इंडिया ग्रुप से जुड़ी हैं। उन्हें 2 फरवरी को इंस्टाग्राम पर सूचना मिली थी कि चमेली पुल के पास रहने वाला भरत नाम का युवक कुत्तों व कुतिया को कैद करके उनके साथ बर्बरता करता है।

### क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना प्राथमिकता: लखबीर

**अंबाला**। अंबाला कैंट थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिद्धू को लाइन हाजिर कर दिया गया। उनकी जगह अब नेशनल हॉकी खिलाड़ी रहे इंस्पेक्टर लखबीर सिंह को कैंट थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिद्धू के खिलाफ हुई इस कार्रवाई को तहसील परिसर में एक अधिवक्ता के साथ हुई मारपीट के मामले से जोड़कर देखा जा रहा है। कानून व व्यवस्था पर उठ रहे सवालों के बीच लाइन हाजिर करने का आदेश जारी हुआ। हालांकि पुलिस विभाग इस बदलाव को प्रशासनिक प्रक्रिया बता रहा है।
नए थाना प्रभारी करनाल के इंस्पेक्टर लखबीर सिंह हॉकी के नेशनल स्तर के खिलाड़ी रहे हैं। 1992 में पुलिस विभाग में बतौर हेड कांस्टेबल भर्ती हुए थे। करनाल के अलग-अलग थानों व चौकियों में सेवाएं देने के बाद वह महेश नगर थाने में दो माह से बतौर एडिशनल थाना प्रभारी रहे। पदभार संभालते ही इंस्पेक्टर लखबीर सिंह ने कहा कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना व आमजन की शिकायतों का त्वरित निवारण करना है।

### पटवारियों की हड़ताल से लोग परेशान

**अंबाला** । पटवारियों व कानूनगो की हड़ताल के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हड़ताल के कारण 1000 इंतकाल, लोन एंट्री 300, जमाबंदी फर्द 1500, निवास प्रमाण पत्र 300 और 100 रिकॉर्ड लेने वाले लोगों के काम प्रभावित रहे। पटवारखाने में लोग दिनभर भटकते रहे। हड़ताल के कारण राजस्व का भी नुकसान हुआ है। जिला में अंबाला छावनी, अंबाला सिटी, नरायणगढ, बराडा तहसील है। इसके अलावा साहा, शहजादपुर, मुलाना में उप तहसील हैं। जहां पर पटवारी और कानूनगो बैठते हैं। पटवारखाने में पहुंचे लोगों ने बताया कि वह सुबह ही काम के लिए यहां पहुंच गए थे लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।

### लोक निर्माण मंत्री ने स्मारक का लिया जायजा, अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

# 550 करोड़ से बन रहे शहीदी स्मारक का पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन: गंगवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि अंबाला-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनाया जा रहा आजादी की पहली लड़ाई का अंतर्राष्ट्रीय स्तर का शहीदी स्मारक शहीदों को समर्पित होगा। इस स्मारक में आने वाले लोगों एवं पर्यटकों को स्वतंत्रता संग्राम की पूरी गाथा के बारे में जानकारी भी मिल सकेगी। लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा बुधवार को शहीदी स्मारक का जायजा ले रहे थे। इससे पहले उनका यहां पहुंचने पर जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, अधीक्षक अभियंता लोक निर्माण विभाग हरपाल सिंह व कार्यकारी अभियंता रितेश अग्रवाल ने पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। लोक निर्माण मंत्री ने इस मौके पर यहां पर रूद्राक्ष का पौधा भी लगाया। गंगवा ने कहा कि यह शहीदी स्मारक अंतर्राष्ट्रीय स्तर का है। शहीदी स्मारक से जुड़ा अधिकतर कार्य पूरा कर लिया गया है। उन्होने इस मौके पर परिवहन मंत्री अनिल विज की भी विशेष रूप से सराहना करते कहा कि स्मारक के निर्माण में उनका विशेष योगदान है। समय-समय पर वह यहां का जायजा लेते हैं। मंत्री अनिल विज की दूरदर्शी सोच है जिसकी बदौलत यहां पर भव्य स्मारक बनकर तैयार हुआ है। इस मौके पर यह भी कहा कि यह शहीदी स्मारक शहीदों को समर्पित है जिन्होने 1857 की लड़ाई में अपने प्राणों को न्यौछावर किया था। यह भी बताया कि इस स्मारक में शहीदों द्वारा जो आहुति दी गई है उसका भी विस्तार से वर्णन किया गया है। आजादी की लड़ाई कैसे लड़ी गई, अनसंग वीरों ने आजादी के लिए अपने प्राणों तक को न्यौछावर कर दिया।उन्होंने यह भी बताया कि यह स्मारक आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। पर्यटन की दृष्टि से भी इसकी अलग पहचान होगी। यहां पर आने वाले लोग शहीदी स्मारक की सुंदरता का आनंद ले सकेंगे। गंगवा ने इस अवसर पर यह भी बताया कि अंबाला की धरती ऐतिहासिक है। आजादी की पहली चिंगारी यहीं से शुरू हुई थी।





**ये रहे मौजूद**

*इस मौके पर एसडीएम विनेश कुमार, , कार्यकारी अभियंता नवीन राठी, मंडल अध्यक्ष दिनेश लदाणा, सतवीर वर्मा, अभिमन्यु गुप्ता, डीएसपी रमेश कुमार भी मौजूद रहे।*

**प्रदेश तीव्र गति से विकास पथ की ओर अग्रसर**

इस स्मारक का उद्घाटन किया जाएगा। प्रधानमंत्री का हरियाणा से विशेष लगाव है। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश तीव्र गति से विकास पथ की ओर अग्रसर है। नगर निगम चुनावों को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव की पूरी तैयारी है। नगर निगम चुनाव में मेयर के साथ-साथ 20 सदस्य भाजपा का कमल का फूल खिलाने का काम करेंगे। कैबिनेट मंत्री ने शहीदी स्मारक का अवलोकन करने से पहले अधिकारियों से इस परियोजना की रूपरेखा बारे जानकारी ली। पीपीटी के माध्यम से शहीदी स्मारक की विस्तार से जानकारी दी गई। अधीक्षक अभियंता हरपाल सिंह ने मंत्री को अवगत करवाया कि जिस एजेंसी ने इस स्मारक को बनाने का काम किया है वही उद्घाटन उपरांत तीन वर्ष तक उसका रख-रखाव करने का काम करेगी। उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट के तहत यहां पर इंटरप्रेटेशन सेंटर, म्यूजियम, ओपन एयर थियेटर, ऑडिटोरियम, वाटर बॉडी, हेलीपैड, मेमोरियल टावर, स्टाफ क्वाटर व कार पार्किंग के साथ-साथ अन्य कार्य किए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि 1857 की क्रांति से जुड़ी फिल्में भी बनाई गई हैं जोकि गैलरी के माध्यम से यहां पर दर्शाई गई हैं।

## एडीसी ने डी प्लान के तहत चल रहे विकास कार्यों का लिया जायजा



अंबाला। विकास कार्यों का जायजा लेते एडीसी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अतिरिक्त उपायुक्त विराट ने बुधवार को जिला योजना स्कीम (डी-प्लान)के तहत शहजादपुर व साहा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले कई गांवो में विकास कार्यों का जायजा लिया। इस मौके पर उनके साथ जिला योजना अधिकारी हेमंतजीत सिंह, कार्यकारी अभियंता साहिल शर्मा मौजूद रहे। अतिरिक्त उपायुक्त ने जिला योजना स्कीम के तहत चल रहे कार्यों का निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित से जहां जानकारी हासिल की वहीं उन्हें कहा कि सभी कार्य पूरी गुणवत्ता व समयबद्ध तरीके से पूरे होने चाहिए ताकि आगामी वित्त वर्ष में ओर विकास कार्यों को चिन्हित किया जा सके। अतिरिक्त उपायुक्त ने निरीक्षण के तहत आज शहजादपुर ब्लॉक में मुकंदपुर तथा साहा ब्लॉक के तहत समलेहडी, केसोपुर व हमीदपुर में चल रहे कार्यों का जायजा लिया। इन कार्यो में शमशान घाट का शैड, स्कूल की चारदीवारी, गांवों में नालियों व गलियों का निर्माण कार्य व अन्य शामिल हैं। अतिरिक्त उपायुक्त ने निरीक्षण के क्रम में अम्बाला सदर के तहत टैगोर गार्डन के वार्ड नंबर 13 की गली के निर्माण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान सभी सम्बन्धित को कहा कि विकास कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ करना है।

## बंसल को प्रधान व चोपड़ा को चेयरमैन की मिली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के श्री कृष्ण कृपा मंदिर सेक्टर 8 के नए प्रधान एवं चेयरमैन की नियुक्ति सर्वसम्मति से की गई है। सेक्टर 8 के विनोद बंसल को मंदिर के प्रधान पद की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है जबकि पूर्व प्रधान रविंद्र चोपड़ा अब चेयरमैन पद की ज़िम्मेदारी संभालेंगे। दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को समिति के सदस्यों ने बधाई दी। इस दौरान महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज भी मंदिर पहुंचे। यहां नवनियुक्त प्रधान विनोद बंसल एवं चेयरमैन रविंद्र चोपड़ा ने ज़िम्मेदारी मिलने के बाद स्वामी से आशीर्वाद लिया। उन्होंने गीता के प्रचार प्रसार को बढ़ाने के लिए हर संभव कार्य करने की बात कही। नवनियुक्त प्रधान विनोद बंसल ने ज़िम्मेदारी मिलने के बाद सबका आभार जताते हुए कहा कि सबके सहयोग के साथ मंदिर एवं समिति के कार्यों को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि स्वामी जी के प्रयासों से जिस तरह गीता का पूरे विश्व में नाम और विश्वास बढ़ रहा है, उसी से वे भी प्रभावित थे और इसी दिशा में पूरे अंबाला में गीता के मूल्यों को घर घर तक पहुंचाने के लिए सबके साथ मिलकर वे प्रयास करेंगे। इस मौके पर संजीव गोयल टोनी ,केवल चावला, जगदीप आदि मौजूद रहे।

**महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने दिया चयनित पदाधिकारियों को आशीर्वाद**

## एसपी हर सप्ताह सुनेंगे जनता की शिकायतें, मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

- पुलिस अधीक्षक की सीधी निगरानी से क्षेत्र की पुलिसिंग और अधिक सक्रिय होगी

जनता की शिकायतों के त्वरित समाधान और कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। अब जिला पुलिस अधीक्षक हर सप्ताह गुरुवार को स्वयं नारायणगढ़ में मौजूद रहकर आमजन की शिकायतों की सुनवाई करेंगे। जिस तरह जिला मुख्यालय में जन-सुनवाई की जाती है, उसी तरह से अब कस्बे के लोगों को अपनी समस्याओं के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। पुलिस अधीक्षक की सीधी निगरानी से क्षेत्र की पुलिसिंग और अधिक सक्रिय होगी, जिससे कानून व्यवस्था और अधिक बेहतर होगी।असामाजिक तत्वों पर शिकंजा कसने के लिए यह कदम मील का पत्थर साबित होगा। अधिकारियों की उपस्थिति से स्थानीय पुलिस तंत्र में अधिक पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी।पुलिस और जनता के बीच की दूरी कम होगी जिससे लोग निर्भय होकर अपनी बात वरिष्ठ अधिकारियों के सामने रख सकेंगे।

पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया है कि अपराध के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाई जाएगी। किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। जनता से अपील है कि वे निर्धारित दिन पर अपनी शिकायतों के साथ पुलिस अधीक्षक से मिल सकते है।

## उच्च शिक्षा में सतत विकास के मानक लागू करने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में चल रहे 6 दिवसीय एफडीपी के चौथे दिन उच्चतर शिक्षा विभाग के पूर्व डिप्टी डायरेक्टर प्रो. अरुण जोशी रिसोर्स पर्सन के तौर पर पहुंचे। उन्होंने उच्च शिक्षा पर सतत विकास के मानकों को लागू करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सतत विकास के जो 17 मानक हैं उनको पाठ्यक्रम व व्यावहारिक शिक्षा के तौर पर लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा वो औजार है जिससे हम बड़े से बड़ा बदलाव ल सकते हैं। प्रो जोशी के कॉलेज पहुंचने पर प्रिंसिपल डॉ देसराज बाजवा व अकादमिक डेवलपमेंट एंड रिसर्च सेल के सदस्यों ने स्वागत किया। प्रथम सत्र की अध्यक्षता करते हुए प्रो नायब सिंह ने सत्र का सार प्रस्तुत किया। प्रो गुरविंदर सिंह ने धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया। दूसरे सत्र में डॉ ओमवीर सिंह ने डाटा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने डाटा विश्लेषण के तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। दूसरे सत्र की अध्यक्षता प्रो तरसेम रंगा ने की। बीते सत्र की रिपोर्ट प्रो हेमंत ने पेश की।



अंबाला। उच्चतर शिक्षा विभाग के पूर्व डिप्टी डायरेक्टर प्रो . अरुण जोशी को सम्मानित करते हुए।

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में टीम 5 ने पाया अव्वल स्थान

**अंबाला**। चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय के जूलॉजी विभाग द्वारा कुलगुरु प्रो दीप्ति धर्माणी के दिशा निर्देशन, विभागाध्यक्ष प्रो. ललिता गुप्ता के मार्गदर्शन एवं डॉ. पार्वती शर्मा की संयोजकता में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इसमें एम.एससी. जूलॉजी के द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक सोच, टीम भावना एवं शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देना था। कड़े मुकाबले के बाद टीम 5 ने प्रथम स्थान, टीम 4 ने द्वितीय स्थान तथा टीम 3 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ. आशा, डॉ. सीमा एवं डॉ. मोनिका भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में विजेता टीमों को बधाई दी गई तथा सभी प्रतिभागियों की सराहना की गई। विभाग ने भविष्य में भी इस प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियाँ आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### अधोया में गो-हत्या से सनसनी, पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की

**बराड़ा** । अधोया (हिंदवान) में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां किसी व्यक्ति द्वारा एक दुधारू गाय की बेरहमी से हत्या कर दी गई। घटना के बाद गांव में भारी आक्रोश का माहौल है। गांव के लोकेश कुमार ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई कि उनके पशु बाड़े में बंधी करीब छह वर्ष की दुधारू गाय की किसी ने निर्मम तरीके से हत्या कर दी। पीड़ित के अनुसार गाय हाल ही में ब्याही थी। प्रतिदिन सुबह-शाम करीब 8 से 9 किलो दूध देती थी। लोकेश कुमार ने बताया कि उनका पशु बाड़ा गांव के प्राचीन शिव मंदिर के पास स्थित है। 3 फरवरी की रात दूध निकालने के बाद गाय को बाड़े में बांध दिया गया था। 4 फरवरी की सुबह करीब 7 बजे जब वे मौके पर पहुंचे तो गाय मृत अवस्था में मिली। गाय के दोनों अगले पैर लाल कपड़े से बंधे हुए थे। मुंह को रस्सी से कसकर बांधा गया था। बाड़े के मुख्य गेट का कुंडा भी खुला हुआ पाया गया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अनजान आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पूर्व सैनिक की प्रताड़ना से तंग आकर युवती ने की आत्महत्या, परिजनों ने दी शिकायत

**अंबाला** । अंबाला शहर के धूलकोट रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन से कटकर जान गंवाने वाली युवती शहर के एक गांव की रहने वाली थी। वह बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने का काम करती थी। युवती के परिजनों ने जंडली गांव के सेवानिवृत्त सैनिक पर बेटी को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में लिखित शिकायत जीआरपी को दी गई है। मृतक युवती के ताया ने बताया कि पूर्व फौजी की प्रताड़ना से तंग आकर उसने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या की है। युवती के परिजनों ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2023 में उनकी बेटी ने पूर्व सैनिक के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज करवाया था जोकि कोर्ट में लंबित है। इस मामले में कुछ दिन पहले आरोपी को कोर्ट से जमानत मिली थी। इसके बाद से वह लगातार बेटी को तंग कर रहा था। हादसे वाले दिन उनकी बेटी दोपहर लगभग दो बजे घर से निकली थी लेकिन शाम लगभग सात बजे पुलिस का फोन आया कि हादसे में उसकी मौत हो गई है। युवती के पास से मिले आईफोन से जीआरपी को कई राज खुलने की उम्मीद है। परिजनों ने मोबाइल खोलने की कोशिश की, लेकिन खुल नहीं पाया। ऐसे में अब साइबर एक्सपर्ट की मदद से मोबाइल को खुलवाया जाएगा ताकि मोबाइल के अंदर अगर कोई फोटो, वीडियो या फिर सुसाइड नोट है तो उसे जांच में शामिल किया जा सके।

## विशेष गहन पुनरीक्षण प्रशिक्षण का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला।

- मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करने से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की
- निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी, सटीक एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराया जाएगा

केंद्रीय निर्वाचन आयोग के हिदायतानुसार जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया के दृष्टिगत वर्तमान में विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित कार्य प्रगति पर है। इसी कडी में गत दिवस एसडीएम कार्यालय अंबाला छावनी में मंडल स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अंबाला मंडल के अंतर्गत आने वाले सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं अतिरिक्त सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को विशेष गहन पुनरीक्षण की पूरी प्रक्रिया, तथा मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करने से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई ताकि आगामी निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी, सटीक एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराया जा सके।

**परेशानी** _ पुलिस चालान काटने तक सीमित, जाम की ओर किसी का ध्यान नहीं

# ट्रैफिक व्यवस्था रामभरोसे, अंडरपास बन रहा जाम का सबसे बड़ा प्वाइंट

**भीड़भाड़ वाले समय में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती करें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

यहां आए दिन लगने वाले ट्रैफिक जाम ने आम जनता की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। कस्बे के मुख्य मार्गों पर रोजना जाम की स्थिति बनना अब आम बात हो गई है लेकिन सबसे गंभीर हालात बराड़ा अंडरपास के पास बने हुए हैं। यहां सुबह से लेकर शाम तक वाहन रेंगते नजर आते हैं। अंडरपास के संकरे मार्ग और सड़क के मोड़ के कारण यहां अक्सर लंबा जाम लग जाता है। इस जाम की चपेट में स्कूली बच्चे, बुजुर्ग, मरीज और कामकाजी लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। कई बार तो स्कूल बसें और जरूरी सेवाओं के वाहन भी अंडरपास के पास इस जाम में फंस जाते हैं, जो प्रशासनिक लापरवाही की गंभीर तस्वीर पेश करता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बाजार क्षेत्र और अंडरपास के आसपास ठेले, रेहड़ियां और अव्यवस्थित ट्रैफिक व्यवस्था हालात को और बदतर बना रही है। बावजूद इसके, स्थानीय पुलिस का ध्यान जाम से निपटने की बजाय केवल चालान काटने तक ही सीमित नजर आता है। जनता का आरोप है कि यदि पुलिस अंडरपास क्षेत्र में नियमित ट्रैफिक ड्यूटी, अवैध पार्किंग पर सख्ती और भीड़भाड़ वाले समय में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती करें, तो जाम की समस्या काफी हद तक कम हो सकती है। लेकिन फिलहाल यहां ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह राम भरोसे चल रही है। अब सवाल यह है कि क्या जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर समस्या पर ध्यान देंगे।



बराड़ा । अंडरपास के पास लगने वाले जाम का दृश्य।

## खेल स्टेडियम बड़ागढ़ में 17 करोड़ रुपये से तैयार होगा सिंथेटिक ट्रैक

**टेंडर जारी होने के बाद काम शुरू, खिलाड़ियों को मिलेगी गहन प्रशिक्षण की सुविधा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

खेलों को बढ़ावा देने के लिए जिले के पहले हॉकी एस्ट्रोटर्फ व सिंथेटिक ट्रैक को हरी झंडी मिल गई है। यह परियोजना शहजादपुर के आधुनिक खेल स्टेडियम बड़ागढ़ गांव में 17 करोड़ से तैयार होगा। सीएम कप के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने खिलाड़ियों की पांच साल पुरानी मांग को पूरा करते हुए घोषणा की थी। लोक निर्माण विभाग की ओर से टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद शिव नरेश कंपनी को टेंडर जारी कर दिया है। जिले में यह पहला प्रोजेक्ट होगा, जहां हॉकी टर्फ व एथलेटिक्स के लिए सिंथेटिक ट्रैक एक साथ बनाए जा रहे हैं। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के अनुसार इस पूरी परियोजना को दिसंबर 2026 के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। हॉकी के राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मुकाबले आसपास के शहरों में हॉकी एस्ट्रोटर्फ पर ही खेले जाते हैं। जबकि अंबाला में ऐसा कोई मैदान नहीं है। मजबूरन खिलाड़ियों को घास व मिट्टी में तैयारी करनी पड़ती है। यहीं कारण है कि एस्ट्रोटर्फ पर जाकर खिलाड़ियों को ज्यादा परेशानी होती है। इस कारण कई खिलाड़ी कुरुक्षेत्र व शाहाबाद आसपास के शहरों में जाकर टर्फ का प्रशिक्षण ले रहे थे।

### चार लेन का बनेगा सिंथेटिक ट्रैक

अंबाला कैंट के वारहीरोज मेमोरियल स्टेडियम में बनाया जा रहा था, जो लंबे समय से अधूरा पड़ा हुआ है। अंबाला के एथलीट कुरुक्षेत्र में जाकर प्रशिक्षण ले रहे हैं। बड़ागढ़ में यह चार लेन के सिंथेटिक ट्रैक से धावकों को लाभ मिलेगा। जबकि नारायणगढ़ से अंबाला कैंट व सिटी करीब 35 किलोमीटर है, ऐसे में नारायणगढ़ व शहजादपुर के आसपास के सैकड़ों गांव के युवाओं को भी राहत मिलेगी। इन गांवों से राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के धावक निकल सकेंगे। जिला खेल अधिकारी रामसरूप ने बताया कि बड़ागढ़ स्टेडियम में हॉकी की एस्ट्रोटर्फ व सिंथेटिक ट्रैक का काम शुरू हो गया है। पीडब्ल्यूडी की तरफ से वर्कऑर्डर जारी कर दिया गया है। जल्द काम पूरा कर इसे खिलाड़ियों को समर्पित किया जाएगा